राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2025/77

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 प्रार्थना-पत्र | 53/25 | 4/3/25 | | 18/3/25<br>24/3/25 |

अनवान

श्री सुगनलाल पिता मोती

निवासी अमृतपुरिया

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी / अपीलान्ट

डिक्रीदार

श्री निर्मल कुमार

श्री भंवरलाल पिता हीरा

निवासी अमृतपुरिया

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पो

मदयून

श्री Ex-Part

# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

नियम 26

Crim I

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां, भीलवाड़ा

पुरानलाल बनाम भंवरलाल

किस्म मुकदमा 111-128 प्रकरण संख्या 53 सन् 2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 04/03 2025 | प्रार्थना–पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 18/03/2025 को वास्ते तलबी / जवाब पेश हों।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 18/3/25 | पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षी बाद सूचना अनुपस्थित रहे। विपक्षीगणों को 3 बार आवाज लगाई गई परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली वास्ते निर्णय (आदेश) आगामी दिनांक 24/3/25 को पेश हो।<br><br>न्यायालय उप खण्ड अधिकारी ... भीलवाड़ा<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 24/3/25 | पत्रावली पेश हुई। पत्रावली में आदेश पारित किए गए। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। | |

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 53/25 तारीख दायर 07/3/25

सुगनलाल पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. भंवरलाल पिता हीरा जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. भेरू पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. शम्भू पिता नाथु जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला–भीलवाड़ा

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 24/3/25

प्रार्थना पत्र सुगनलाल ने जरिये अभिभापक श्री **निर्मल कुमार खटीक एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम अमृतपरिया पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 78 पर अंकित आराजी संख्या 191/102 रकबा 0.1052 हे0, आराजी संख्या 193/106 रकबा 0.1619 कुल किता 2 रकबा 0.2671 हे0 भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की वहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदारी काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बावत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक सलावटिया को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। पत्थरगढी कमिश्नर फीस नियमानुसार तय किये जाते हैं। प्रार्थी वक्त पत्थरगढी फीस अदा करेगा।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम अमृतपरिया पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 78 पर अंकित आराजी संख्या 191/102 रकबा 0.1052 हे0, आराजी संख्या 193/106 रकबा 0.1619 कुल किता 2 रकबा 0.2671 हे0 भूमि** की बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या -53/25
प्रेषिति :-तहसीलदार बिजौलियाँ

तारीख दायर 04/3/25

विषय :- प्रकरण संख्या 53/25 पत्थरगढ़ी बाबत्।

सुगनलाल पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थी

बनाम्

1. भंवरलाल पिता हीरा जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. भेरू पिता मोती जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. शम्भू पिता नाथु जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी अमृतपुरिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मे आदेश होकर लेख है मौजा ग्राम अमृतपरिया पटवार हल्का चांदजी की खेडी तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 78 पर अंकित आराजी संख्या 191/102 रकबा 0.1052 हे0, आराजी संख्या 193/106 रकबा 0.1619 कुल किता 2 रकबा 0.2671 हे0 भूमि** की बशमलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू-अभिलेख निरीक्षक सलावटिया को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस नियमानुसार वक्त पत्थरगढी प्रार्थी अदा करेगा। पत्थरगडी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडौसियान को सूचित करते हुये पत्थरगडी करें।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ